(c) The following four bidders had quoted for the above tender :

1. M/s. 1HI, Japan.
2. Consortium of M/s KMI, Japan & M/s Cooper Rolls Inc. USA.
3. M/s Nuoo Pignone, Italy.
4. M/s Dresser Road, Switzerland.

The final price offered by the next higher bidder was JY 27,653,144,000 equivalent to Rs. 556.40 crores at the exchange rate on the date of price bid opening.

(d) and (e) KHI-CR has confirmed the acceptance of the Cond tional Order with out asking for any type of additional facili ties. As the source of suppliers' credit for both KHI and IHI is J-Exim Bank, the terms and conditions including the exposure fees for the suppliers Credit whetther taken by KHI or by IHI would be by and large similar.

Allotment of Gas from HBJ Pipeline fo U.P.

299. SHRI SATYA PRAKASH MALAY1YA : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether Government have received any communications from Uttar Pradesh Government for allotment of natural gas from HBJ pipeline for setting up of gas based power plants at Shahjehanpur, Jag-dishpur and NOIDA Area ; and

(b) if so, what is the reaction of the Central Government thereto and what action has so far been taken in this regard?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) Yes, Sir.

(b) In view of the availability and commitments already made, no additional allocation of gas from HBJ pipeline has been made.

भारतीय तेल निगम की पाइप लाईन का बिछाया जाना

300. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय तेल निगम के पाइपलाइन डिवीजन द्वारा पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कितने किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा किया जा चुका है और आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में कितने किलोमीटर पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव है ;

(ख) क्या यह सच है कि स्वदेशी कंपनियों की उपेक्षा कर विदेशी कंपनियों को वरीयता दी गई है ;

(ग) क्या यह सच है कि एल-I को काम न देकर एल-II को काम दिया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार भारतीय तेल निगम के अध्यक्ष और पाइपलाइन डिवीजन के निदेशक की कार्यवाहियों की जांच कराने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इंडियन आयल कारपोरेशन के पाइपलाइन प्रभाग द्वारा पूर्वी क्षेत्र में 37 कि० मी० लंबी पाइपलाइन बिछायी गई थी, और पश्चिमी क्षेत्र में कोई नहीं यद्यपि 8वीं योजना को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है, तथापि पूर्व में अनुमोदित प्रस्तावों में 1498 कि० मी० लंबी पाइपलाइन शामिल है जिसे 8वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान कियान्वित किया जाएगा ।

(ख) इंडियन आयल कारपोरेशन के अनुसार देशी कंपनियों की तुलना में विदेशी कंपनियों को वरीयता नहीं दी गई है ।

(ग) इंडियन आयल कारपोरेशन के अनुसार केवल तकनीकी दृष्टि से स्वीकार्य एल-I

कंपनियों को कार्य देने के लिए उन पर विचार किया गया है।

(घ) सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

तेल और प्राकृतिक गैस की खोज

301. श्री राम अवधेश सिंह : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तेल और प्राकृतिक गैस की खोज का कार्य तथा तेल शोधन का कार्य किन-किन स्थानों पर हो रहा है तथा एकक-वार कितने-कितने देशी एवं आयातित कच्चे तेल का शोध किया जाता है ;

(ख) भारत में इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा किया जाने वाला प्रति बैरल शोध-व्यय कितना है तथा अमरीका, जर्मनी और जापान में क्रमशः उक्त व्यय कितना-कितना है ;

(ग) रूस, इंडोनेशिया, मलेशिया, सऊदी अरब, कुवैत, इरान और इराक से खरीदे जा रहे कच्चे तेल के मूल्य का ब्यौरा क्या है और उपर्युक्त देशों द्वारा अमरीका, फ्रांस, पाकिस्तान, बंगलादेश और श्रीलंका को बेचे जा रहे कच्चे तेल के मूल्यों का ब्यौरा क्या है ;

(घ) वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का मूल्य क्या है; और भारत द्वारा खाड़ी देशों से आयात किए जा रहे कच्चे तेल का प्रति बैरल अथवा प्रति टन मूल्य क्या है; और

(ङ) क्या यह सच है कि कच्चे तेल का मूल्य ढुलाई खर्च और शोधन खर्च को शामिल करने के पश्चात भी केवल 3.50 रुपए प्रति लीटर आता है; यदि हां, तो देश में पेट्रोल के वर्तमान मूल्यों का क्या औचित्य है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री वी० शंकरानन्द): (क) एक विवरण सभा पटल पर रखा है। (नीचे देखिए)

(ख) से (ङ) शोधन लागत रिफाइनरी दर रिफाइनरी तथा रिफाइनरी के आकार तथा संसाधित कूड की किस्म पर निर्भर करती है ढुलाई की लागत भी कूड के स्रोत तथा रिफाइनरी के स्थान पर निर्भर करती है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत का निर्धारण लागत, मांग में वृद्धि तथा सामाजिक-आर्थिक तत्वों को ध्यान में रखकर किया जाता है। 23-4-92 को प्लैट्स रिपोर्ट के अनुसार, दुबई कूड की कीमत 16.52 अमरीकी डालर प्रति बैरल थी। आयातित कूड तेल की कीमत कूड की किस्म के अनुसार घटती-बढ़ती है। आवधिक ठेके के अंतर्गत कीमतें ठेका दर ठेका अलग-अलग होती हैं। अमरीका, फ्रांस पाकिस्तान, बंगलादेश और श्रीलंका को बेचे जाने वाले कच्चे तेल की कीमत का ब्यौरा उपलब्ध नहीं है।

विवरण

तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग का वेधन कार्य गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, नागालैंड, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा, बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र तथा आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल कोंकण तथा कच्छ-सौराष्ट्र आदि के अपतटीय क्षेत्रों में प्रगति पर है। इस समय आयल इंडिया लिमिटेड असम, अरुणाचल प्रदेश तथा राजस्थान में वेधन कार्य कर रहा है।

रिफाइनरी का स्थान	1991-92 के दौरान संसाधित कूड	
	देशी	विदेशी
	(आंकड़े हजार मीट्रिक टन में)	
डिग्बोई	546	—
बंबई (बी पी सी एल)	4,831	2,109
बंबई (एच पी सी एल)	992	3,731
विशाख	975	2,945
गुवाहाटी	856	—
बरौनी	2,261	—
कोयाली	7,104	2,276
हल्दिया	—	3,021
मथुरा	3,667	4,534
कोचीन	3,586	1,256
मद्रास	2,076	3,453
असम	1,164	—